# वाक्य

## ASSIGNMENT-1

classmate
Date
Page

1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

(i) वाक्य का परिभाषा देते हुए उसके अंगो के नाम लिखें।

(ii) मिश्र या मिश्रित वाक्य से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखें।

(iii) संयुक्त वाक्य से आप क्या समझते है? उदाहरण सहित लिखें।

(iv) उपवाक्य किसे कहते हैं?

(v) रचना के दृष्टि से वाक्य के कितने भेद हैं?

(vi) प्रधान व आश्रित उपवाक्य किसे कहते है?

(vii) सयुक्त वाक्यों की पहचान किस प्रकार की जा सकती है?

(viii) रचना के आधार पर किस प्रकार के वाक्य में आश्रित उपवाक्य प्रयुक्त होते है?

(ix) जिस वाक्य में क्रिया या विधेय एक ही हो, उसे कौन-सा वाक्य कहते है?

(x) जिस वाक्य में एक स्वतंत्र या प्रधान उपवाक्य हो, तथा अन्य उपवाक्य उसपर आश्रित ~~था~~ होते हैं, उसे क्या कहते है?

# वाक्य

## ASSIGNMENT-2

1. सरल वाक्य से मिश्र वाक्य में परिवर्तन कीजिए।

(i) सुशील बालक बड़ो की आज्ञा मानते हैं।
(ii) मुझे देखकर वह खिसक गया।
(iii) परिश्रमि व्यक्ति अच्छे लगते हैं।
(iv) विपत्ति मे धीरज रखो।
(v) दयाहीन व्यक्ति पशु से भी बदतर है।
(vi) मोनू पाठक जी के यहाँ हिन्दी पढने गया है।
(vii) देश केलिए मर-मिटनेवाला सच्चा देशभक्त होता है।
(viii) शिक्षक के सामने बच्चे शांत रहते हैं।
(ix) रणधीर ने मुझे जल्दी भोजन करने के लिए कहा।
(x) सोहन के घर पहुंचने से पूर्व उसके माता पिता चल बसे।
(xi) देश के लिए मर मिटनेवाला सच्चा देश भक्त होता है।
(xii) मंत्री बनने पर भी उसका व्यवहार पूर्ववत् है।
(xiii) सुषमा बीमार होने के कारण आज स्कूल नही गई।
(xiv) सच बोलनेवाले व्यक्ति को कोई डरा नही सकता।
(xv) परिश्रमी व्यक्ति के लिए कुछ भी दुर्लभ नही है।
(xvi) शिक्षक ने कल छुट्टी रहने के बारे में बताया।
(xvii) सोने की चिड़ियाँ कहलानेवाला भारत यही है।
(xviii) अपराधी होने के कारण उसे सजा ~~ब~~ हुई।
(xix) मॉरीशस की स्वच्छता देखकर मन प्रसन्न होगया।
(xx) इसी बाल सुलभ हँसी मे कई यादे बंद हैं।
(xxi) काशी मे संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है।
(xxii) उसने अपने को निर्दोष घोषित किया।
(xxiii) परिश्रमी छात्र अवश्य सफल होगे।
(xxiv) वह फल खरीदने के लिए बाजार गया।
(xxv) सच्चे आदमी को कभी कोई कमी नही रहती।
(xxvi) उस गाँव के चारो ओर जंगल था और ~~वहाँ~~ वह डाकुओ का गढ था
(xxvii) ऊँचा पद पाकर वह और भी विनम्र हो गया।
(xxviii) धन आते ही घमंड हो जाता है।
(xxix) अनेक संस्थाएँ जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने केलिए कार्यरत हैं
(xxx) मेहनत करने करने पर भी गरीबों रोटी नही मिलती।

वाक्य
# ASSIGNMENT-3

classmate

Date
Page

-:- सरल वाक्य से संयुक्त वाक्य में बदलिए

(i) बिल्ली के पंजे में नाखून होते हैं।
(ii) सूर्योदय होते ही हम अपने कार्य में लगे।
(iii) मुझे अप्रिय सत्य बोलना उचित नही।
(iv) आगे बढ़कर शत्रुओं का सामना करो।
(v) मुझे देखकर वह खिसक गया।
(vi) रात के बारह बजे मैंने पढ़ना बंद कर दिया।
(vii) आपसे मिलकर बहुत सारी बातें करूंगा।
(viii) माधुरी ने एक बच्चा जना। वह मर गया।
(ix) घंटी बजी। छात्र छात्राएं कक्षा से बाहर निकले।
(x) समीर आकर सो गया।
(xi) गरीब को लूटने के अतिरिक्त उसने उसकी हत्या भी
(xii) हर तरह के संकटो से घिरा रहने पर भी वह निराश नही हुआ।
(xiii) कल शादी के कार्यक्रम में होनेवाले शोर के कारण हम नही पढ़ सकेंगें।
(xiv) वह चौराहे पर खड़ा होकर उसकी प्रतीक्षा करने लगा।
(xv) धनी होने पर भी उसमें अभिमान नही है।
(xvi) फूलदान नीचे गिरा। फूलदान टूट गया
(xvii) मेहनती होने के कारण वह हार स्वीकार नही करता।
(xviii) स्त्री पुरुषों ने मिलकर आजादी के लिए लंबा संर्घष किया।
(xix) उपदेशक मंच पर बैठकर उपदेश देने लगा।
(xx) वह गाड़ी चलाने के साथ-साथ मोबाईल पर बात भी करता है।
(xxi) सूर्योदय होने पर कुहासा जाता रहा।
(xxii) वह आया। उसने कुछ नही कहा।
(xxiii) राहुल कल यहाँ आया, उसने निखिल से बात की, वह चला गया।
(xxiv) आप वही बैठकर प्रतीक्षा करें।
(xxv) शहर में भूकंप आने पर तबाही मच गई।
(xxvi) पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था

# वाक्य

## ASSIGNMENT-4

classmate
Date
Page

:- निम्नलिखित वाक्यों रेखांकित उपवाक्यों के भेद, ~~आश्रित~~ तथा आश्रित उपवाक्यों की पहचानकर लिखिए और उसके भेद भी लिखिए

(i) मैं उन सभी को जानता हूँ, जिन्हे शक के दायरे में रखा गया है।
(ii) मुझे विश्वास है कि आज तुम्हे नौकरी अवश्य मिल जाएगी।
(iii) आज इस बात की आवश्यकता है कि मानव प्रकृति की ओर मुड़े।
(iv) मैं वही जा रहा हूं जहां से तुम आए हो।
(v) मैंने सोचा वह जरूर आएगा।
(vi) उसने अपनी कार खड़ी ही की थी कि आग लग गई।
(vii) तुम आ जाना फिर साथ-साथ चलेंगे।
(viii) जब पान के पान के पैसे चुका कर जीप में आ बैठे, तब रवाना हो गए
(ix) बालगोबिन जानते हैं कि अब बुढ़ापा आ गया।
(x) जिसकी लाठी उसकी भैंस।
(xi) यह वहीं आदमी है, जिसने कल चोरी की थी।
(xii) जब तुम स्टेशन पर पहुँचे, तब मैं घर से चला।
(xiii) वह जानता था कि मैं यह कार्य नही करूँगा।
(xiv) जो कक्षा मे प्रथम आया है वह मेरा भाई है।
(xv) यहाँ मुख्य अतिथि बैठेंगे और उधर दूसरे लोग बैठेंगे।
(xvi) यदि मैं पढ़ा होता, तो अवश्य सफल होता।
(xvii) मैंने वैसा ही किया, जैसा आपने बताया।
(xviii) जब तुम मिले थे, तब मैं सोता था।
(xix) आचार्य ने कहा कि प्रतिदिन योग करना चाहिए
(xx) जो मन लगाकर पढ़ता है, उन्हे सफलता अवश्य मिलती है

# वाक्य

## ASSIGNMENT-5

:- नीचे लिखे वाक्यों के रचना के आधार भेद बताइए।

(i) वह ज्वर से पीड़ित होने के कारण स्कूल नहीं आया।

(ii) राजू मेरे घर आया था, क्योंकि उसे हिंदी पढ़नी थी।

(iii) मैं तुम्हारा मित्र हूँ, इसलिए मुझे तुम अपने साथ ले चलो।

(iv) मुझे खेलना अच्छा लगता है और तुम्हें गाना अच्छा लगता है।

(v) बालगोबिन भगत का यह संगीत है।

(vi) सुनीता और विनीता बाजार जा रही है।

(vii) जैसे ही सुबह हुई वैसे ही पक्षी चहचहाने लगे।

(viii) जो व्यक्ति परिश्रम करता है, उसे सब चाहते हैं।

(ix) प्रेमचंद को उपन्यास सम्राट कहा जाता है।

(x) बच्चा रोया और चुप हो गया

(xi) वह रोटी और दाल खाता है।

(xii) माँ ने पुत्र को दूध पिलाया और सुला दिया।

(xiii) पिताजी की इच्छा थी, इसलिए मैं आपसे मिलने चला आया।

(xiv) इतना दहेज लिया कि देखनेवालों ने दाँतो तले अँगुली दबाली।

(xv) रमेश के हाथ में चोट लग गई है, इसलिए वह स्कूल नहीं जा सकेगा।

(xvi) पिताजी के जीवन का सिद्धांत था कि व्यक्ति को समाज में विशिष्ट बनकर रहना चाहिए।

(xvii)

वाक्य

ASSIGNMENT 6

- निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए

1. अध्यापक के आते ही विद्यार्थी मौन होकर बैठ गए। (मिश्रवाक्य मे बदलिए।)
2. अपने को संयम कर उसने बड़ी तमीज से जवाब दिया। (संयुक्त वाक्य मे बदलिए)
3. कठोर बनकर भी सहृदय बनो। (संयुक्तवाक्य में)
4. वर्षा होने पर फसलें लहलहाने लगी (संयुक्तवाक्य में)
5. चाय पिने की यह एक विधि है। जपानी में इसे चा-नो-यू कहते हैं? (मिश्रवाक्य में)
6. ओचुमेलॉव मुड़कर भीड़ की तरफ चल पड़ा। संयुक्त वाक्य में)
7. वे स्वार्थी हैं। पड़ोसीसे ईर्ष्या करते हैं। संयुक्त वाक्य में)
8. तुम्हारी जैसी कमीज मुझे भी चाहिए। (मिश्रवाक्य में)
9. वह कोच्च की सीख के अनुसार ही खेलता है। (मिश्रवाक्य में)
10. इस घर मे कुतें हैं यहाँ आने में खतरा है। (संयुक्तवाक्य में)
11. मोहन हिंदी पढ़ने शास्त्री जी के यहाँ गया है। (संयुक्तवाक्य में)
12. मेहनत करनेवाले विद्यार्थी, वह अवश्य सफल होते हैं। (मिश्रवाक्य में)
13. जब सवेरा होता है, तब सारा जगत जाग उठता है। (संयुक्तवाक्य में)
14. पिताजी ने दादी से गंगा-स्नान केलिए चलने को कहा। (मिश्रवाक्य में)
15. आलसी होने के कारण वह विफल हुआ। (संयुक्त वाक्य में)
16. शीला ने एक पुस्तक मॉंगी और वह उसे मिल गई। मिश्रवाक्य
17. चूँकि वह अपराधी था, इसलिए उसे सजा मिली। (संयुक्त वाक्य)
18. वह लड़का गाँव में गया और बीमार हो गया। (मिश्र वाक्य में)
19. शेर दिखाई दिया और सब डर गए। (मिश्रवाक्य में)